आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 06.09.2026 समय : 1905

- डॉ. दिनेश शर्मा को अंडमान निकोबार द्वीप समूह का नया उप–राज्यपाल नियुक्त किया गया, डॉ. शर्मा ने प्रधानमंत्री के विश्वास पर खरा उतरने की बात कही।
- एसआरसीसी शताब्दी समारोह में प्रधानमंत्री का युवाओं से भारतीय कंपनियों को वैश्विक नेतृत्व की दिशा में आगे बढ़ाने का आह्वान।
- मध्योत्तर अंडमान में नशे के खिलाफ पुलिस की बड़ी कार्रवाई, डिगलीपुर और सागर द्वीप में गांजा बरामद, दो आरोपी गिरफ्तार।
- उद्योग निदेशालय की ओर से उद्यमियों के लिए औद्योगिक शेड प्रदान करने के लिए द्वीपसमूह के विभिन्न हिस्सों में औद्योगिक संपदा स्थापित की गई।

<><><><><><><>

भारतीय जनता पार्टी के राज्यसभा सांसद दिनेश शर्मा को अंडमान निकोबार द्वीप समूह का उप–राज्यपाल नियुक्त किया गया है। वे अवकाश–प्राप्त एडमिरल देवेंद्र कुमार जोशी का स्थान लेंगे। श्री जोशी ने आठ अक्टूबर, दो हजार सत्रह को अंडमान निकोबार द्वीप समूह के उप–राज्यपाल का पदभार संभाला था। बासठ वर्षीय डॉ. शर्मा उत्तर प्रदेश के उप–मुख्यमंत्री रह चुके हैं। उनका राज्यसभा कार्यकाल पच्चीस नवंबर को समाप्त होना था। राष्ट्रपति भवन की विज्ञप्ति में कहा गया है कि डॉ. शर्मा की नियुक्ति उनके पदभार ग्रहण करने की तिथि से प्रभावी होगी। डॉ. शर्मा ने प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी के विश्वास पर खरे उतरने की बात कही।

<><><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने युवाओं से बड़े सपने देखने और दुनिया का नेतृत्व करने का आह्वान किया है। नई दिल्ली में श्री राम कॉलेज ऑफ कॉमर्स–एसआरसीसी के शताब्दी समारोह को संबोधित

करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि जब भारतीय लोग दुनिया की बड़ी कंपनियों का नेतृत्व कर सकते हैं, तो भारतीय कंपनियां भी दुनिया का नेतृत्व कर सकती हैं। उन्होंने युवाओं से यूनिकॉर्न बनाने, ड्रोन तकनीक में नवाचार और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के क्षेत्र में नए समाधान विकसित करने की दिशा में आगे बढ़ने का आह्वान किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि आज दुनिया भारत की तेज आर्थिक वृद्धि और नीतिगत बदलावों की सराहना कर रही है। उन्होंने कहा कि वैश्विक चुनौतियों के बीच भारत की 7.8 प्रतिशत की तिमाही आर्थिक वृद्धि देश की क्षमता को दर्शाती है। प्रधानमंत्री ने मेक इन इंडिया की सफल ता का भी जिक्र किया।

<><><><><><><>

श्री विजयपुरम में कल से अट्ठारह सितम्बर तक सकिर्ट बैठक आयोजित की जाएगी। विभागाध्यक्षों से सभी नोडल अधिकारियों को सुनवाई की तारीख पर संबंधित दस्तावेजों के साथ न्यायाधिकरण में उपस्थित रहने का निर्देश देने को कहा गया है।

<><><><><><><>

राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी ने यूजीसी–नेट जून 2026 के अंग्रेजी, कॉमर्स और समाजशास्त्र के दोबारा होने वाले पेपर के लिए प्रवेश पत्र जारी कर दिए हैं। परीक्षार्थी अपने प्रवेश पत्र यूजीसी–नेट की वेबसाइट पर लॉग–इन कर डाउनलोड कर सकते हैं। अंग्रेजी की परीक्षा नौ सितंबर को सुबह नौ से दोपहर बारह बजे तक होगी। कॉमर्स की परीक्षा उसी दिन दोपहर तीन से शाम छः बजे तक होगी। समाजशास्त्र की परीक्षा दस सितंबर को सुबह नौ से दोपहर बारह बजे तक होगी। इन तीनों विषयों की परीक्षा पेपर में कुछ गलतियों की शिकायतों के बाद दोबारा आयोजित की जा रही है।

<><><><><><><>

मध्योत्तर अंडमान जिला पुलिस द्वारा नशे के खिलाफ अभियान के तहत कल दो महत्वपूर्ण कार्रवाई की गई। पहली कार्रवाई में डिगलीपुर थाना प्रभारी तलाशी के दौरान उसके कब्जे से करीब सौ ग्राम से अधिक गांजा बरामद किया गया। वहीं, दूसरी कार्रवाई सागर द्वीप में की गई, जहां एक निवासी के घर के पीछे से गांजे के चार पौधे बरामद हुए। दोनों मामलों में आरोपियों को गिरफ्तार कर

डिगलीपुर थाने में मामला दर्ज किया गया है। जिला पुलिस ने कहा है कि नशे के कारोबार के खिलाफ उसकी जीरो टॉलरेंस नीति जारी रहेगी।

<><><><><><><>

उद्योग निदेशालय की ओर से उद्यमियों को बुनियादी सुविधाओं के साथ औद्योगिक शेड प्रदान करने के लिए द्वीपसमूह के विभिन्न हिस्सों में औद्योगिक सम्पदा स्थापित की गई हैं। यह छः औद्योगिक संपदाएं डॉलीगंज, गाराचरमा, मीठाखाड़ी, हटबे, बकुलतला और कैम्पबेल बे में उपलब्ध है। इन औद्योगिक सम्पदाओं में शेड्स का आवंटन पारदर्शी तरीके से करने और किए गए आवंटन का प्रबंधन करने के लिए, प्रशासन ने 'अंडमान निकोबार द्वीपसमूह औद्योगिक सम्पदा (आवंटन और प्रबंधन) नीति, 2025' अधिसूचित की है। इसके अलावा, नीति को अधिक कुशल बनाने के लिए, नीति के कुछ खंडों में कुछ संशोधनों का प्रस्ताव किया गया है। इस दिशा में, एक मसौदा संशोधन अधिसूचना तैयार की गई है, जिसे प्रशासन की आधिकारिक वेबसाइट से डाउनलोड किया जा सकता है। प्रशासन ने प्रस्तावित मसौदा संशोधन पर आम जनता, हितधारकों, उद्यमियों से 23 सितम्बर तक टिप्पणियां और सुझाव आमंत्रित किए हैं। टिप्पणियां और सुझाव उद्योग निदेशालय के ईमेल पर भी भेजे जा सकते हैं।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार प्रदेश कांग्रेस पार्टी के प्रचार समिति के अध्यक्ष टी.एस.जी. भास्कर ने विम्बर्लीगंज मैदान में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी द्वारा आयोजित राजीव गांधी मेमोरियल फुटबॉल लीग में खिलाड़ियों से मुलाकात कर उन्हें शुभकामनाएं दीं। उन्होंने युवाओं में अनुशासन, टीम भावना और स्वस्थ जीवन के लिए खेलों के महत्व पर जोर दिया। मैच के समापन पर उन्होंने दिन के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी को पुरस्कार प्रदान किया। इस अवसर पर कांग्रेस के स्थानीय पदाधिकारी और वार्ड नंबर चौदह के पार्षद वाई. जोगा राव भी उपस्थित रहे।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार अभिलेखागार, सचिवालय की ओर से अक्टूबर से दिसंबर तक तीन महीने की अवधि के लिए अल्पकालिक इंटर्नशिप कार्यक्रम के तहत इंटर्न के रूप में नियुक्ति के लिए पात्र

उम्मीदवारों से आवेदन आमंत्रित किए हैं। कार्यक्रम की शुरुआत अभिलेखागार प्रबंधन और संबंधित गतिविधियों में व्यावहारिक अनुभव प्रदान करने के उद्देश्य से की गई है। किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से इतिहास में स्नातक डिग्री पूरी कर चुके उम्मीदवार आवेदन करने के लिए पात्र हैं। चयनित इंटर्न को इंटर्नशिप अवधि के दौरान दस हजार रूपये का मासिक वजीफा दिया जाएगा। इच्छुक उम्मीदवार अपने आवेदन निर्धारित प्रारूप में शैक्षणिक प्रमाण पत्रों और अन्य आवश्यक दस्तावेजों की प्रतियों के साथ सहायक सचिव, अभिलेखागार, के पते पर पन्द्रह सितंबर तक जमा कर सकते हैं। निर्धारित आवेदन प्रारूप और इंटर्नशिप कार्यक्रम के विस्तृत नियम एवं शर्तें अंडमान निकोबार अभिलेखागार के कार्यालय से प्राप्त की जा सकती हैं।

<><><><><><><>

टैगोर राजकीय शिक्षा महाविद्यालय में दो वर्षीय बी.एड. डिग्री कार्यक्रम की रिक्त सीटों पर प्रवेश के लिए दूसरे चरण का परामर्श कल आयोजित किया जाएगा। परामर्श सुबह साढ़े नौ बजे से महाविद्यालय के सभागार में रखा गया है। प्रवेश लेने के इच्छुक सभी पात्र उम्मीदवारों को अपने मूल दस्तावेजों के साथ निर्धारित समय पर उपस्थित होने की सलाह दी गई है।

<><><><><><><>